Scan

राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

झज्जर • विज्ञप्ति : उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं से हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए 27 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं को अलग-अलग कैटेगरी में अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को प्रदान किए जाते हैं।

डीसी ने बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के तहत एक लाख 50 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र मिलेगा।

साथ ही लाइफ टाइम अचीवर्स पुरस्कार के तहत 51 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र और सामाजिक कार्य की श्रेणी में विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

Scan